विधान परिषद के तृतीय सत्र 2022 के प्रथम सोमवार के लिये निर्धारित डा० मान सिंह यादव मा० सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या–12 का उत्तर।

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 12 (क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि चन्द्रलोक कालोनी, अलीगंज लखनऊ में आवास सं0 168 से 190 तथा आवास संख्या–167 से आवास संख्या–189 तक के पीछे पॉच फुट की सर्विस लेन नगर निगम के नक्शे में अंकित है ? | जी हॉ।<br>चन्द्रलोक कालोनी निजी विकासकर्ता द्वारा विकसित कालोनी है। उपलब्ध तलपट मानचित्र के अनुसार प्रश्नगत भूखण्डों के पीछे सर्विस लेन दर्शित है। |
| (ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त पॉच फुट की सर्विस लेन को स्थानीय निवासियों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है ? | भवन सं0 168 से 190 तक सर्विस लेन मौके पर उपलब्ध नहीं है अपितु निर्मित भवन विद्यमान है। भवन सं0 167 से 189 के पीछे सर्विस लेन विद्यमान है। |
| (ग) यदि हाँ, तो उक्त अतिक्रमण को हटवायेगे ? | जी हॉ।<br>प्रकरण में नगर योजना एवं विकास अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अधीन एवं स्वीकृत तलपट मानचित्र के अनुसार अतिक्रमण का चिन्हांकन लखनऊ विकास प्राधिकरण/नगर निगम, लखनऊ द्वारा संयुक्त रूप से कर अवैध/अनाधिकृत निर्माण हटाये जाने की कार्यवाही लखनऊ विकास प्राधिकरण/नगर निगम, लखनऊ द्वारा की जायेगी। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | उपरोक्तानुसार। |

ए.के. शर्मा
मंत्री
नगर विकास विभाग।